रणजीत टाइम्स

इंदौर
शुक्रवार, 11 जुलाई, 2025
वर्ष 01 | अंक 174 | कुल पृष्ठ : 8 | Digital
RNI-NO.MPHIN/2015/64585

प्रधान संपादक : गोपाल गावंडे

# श्री गुरु पूर्णिमा महोत्सव

## बड़ी धूमधाम से सम्पन्न हुआ







**दीपक वाडेकर-मध्यप्रदेश ब्यूरो**

इंदौर। स्काउट ग्राउंड, नगर निगम रोड, चिंतनबाग, इंदौर (म.प्र.) दिनांक: 10 जुलाई 2025, गुरुवार परंपरानुसार इस वर्ष भी श्री गुरु पूर्णिमा महोत्सव का आयोजन परम पूज्य गुरुदेव श्री विवेक जी महाराज के पावन सान्निध्य में अत्यंत श्रद्धा, भक्ति एवं उत्साह के साथ संपन्न हुआ। सुबह 8:00 बजे से पवित्र पार्थिव पूजन एवं भगवान शिव का पूजन विधिवत रूप से संपन्न किया गया। संध्या 4:00 बजे से श्री गुरु पाद पूजन, दीक्षा, दर्शन एवं भव्य भंडारे का आयोजन हुआ, जिसमें सैकड़ों श्रद्धालुओं ने भाग लिया। इस पावन अवसर पर दीपक वाडेकर जी ने अपने पूरे परिवार सहित गुरुदेव के दर्शन कर पुण्य लाभ प्राप्त किया। समस्त श्रद्धालुओं ने आयोजन की भूरि-भूरि प्रशंसा की और गुरुदेव के आशीर्वाद से स्वयं को धन्य माना।

# पुलिस थाने में गुंडे बदमाशों की परेड के साथ ही लगी अपराधों से दूर होने की पाठशाला

- बदमाशों को आपराधिक गतिविधियों पर अंकुश लगाने के लिए नगरीय जोन-3 के नवाचार के तहत थाना हीरानगर में गुंडे/बदमाश आए परिजनों के संग, पढ़ा अपराधों से दूर रहने का पाठ।

- बदमाशों ने परिवार के बीच भावुक होकर, प्रश्नावली में दिए अपराधों से तौबा करने के मार्मिक जवाब।




इंदौर- शहर में अपराधों पर नियंत्रण तथा आगामी त्योहार को ध्यान में रखते हुए क्षेत्र के आदतन अपराधियों की अवैधानिक गतिविधियों पर अंकुश लगाने के लिए, पुलिस कमिश्नर इंदौर श्री संतोष कुमार सिंह के दिशा निर्देशानुसार अपराधियों में सकारात्मक सुधार लाने ,उन्हें समाज की मुख्य धारा से जोड़ने के लिए ,अपराध के दलदल से बाहर आने, पारिवारिक जीवन को सुखमय बनाने के लिए पुलिस उपायुक्त जोन-03 श्री हंसराज सिंह द्वारा क्षेत्र के बदमाशों को अपराध की दुनिया से दूर रहने के लिए प्रेरित करने हेतु थाने में उनके परिजनों सहित पाठशाला लगाने का नवाचार शुरू किया गया है। इसी कड़ी में आज हीरानगर थाने में ये पाठशाला आयोजित की गई । डीसीपी जोन 3 एवं एडीसीपी जोन-03 श्री राम स्नेही मिश्रा के मार्गदर्शन में एसीपी हीरानगर रूबीना मिजवानी के नेतृत्व में थाना प्रभारी हीरानगर पीएल शर्मा द्वारा आज थाना हीरानगर पर 57 गुंडे एवं निगरानी बदमाशों की उनकी परिवार सहित पाठशाला लगाई गई। थाने के आदतन अपराधियों को स्वयं डीसीपी के द्वारा प्रत्येक आरोपी से उसकी जीवन साधन ,संगत ,ठिकानों के बारे में जानकारी ली गई । हर अपराधी से अपराध में सक्रिय अन्य व्यक्तियों की जानकारिया ली गई । पाठशाला में परिवार सहित बुलाया गया उनसे भी चर्चा की गई ।सकारात्मक परिवर्तन के लिए परिवारों द्वारा पुलिस को सहयोग कर थाने पर हाजरी लगाने की व्यवस्था की गई जिससे पुलिस की नज़रों में रहे एवं अपराध जगत से दूर रहे ।

पाठशाला में सभी से अपराध की दुनिया कैसी है?
क्या आप अपने बच्चो को अपने जैसा बनाना चाहेंगे?
यदि हाँ तो क्यों ?
यदि ना तो क्यों ?

जैसे प्रश्न पूछे गए सभी ने बढ़ चढ़कर भाग लिया एवं अपने आपको सुधारने की कसम खाई । बाद इसके सभी को सख्ती से हिदायत भी दी गई की उनके द्वारा किया गया एक और अपराध स्वीकार्य नहीं होगा !! इस पूरी कार्यवाही में 50 से ज्यादा गुंडों और निगरानी को शामिल किया गया ।सभी का रिकॉर्ड अपडेट किया गया एवं आगामी त्योहारों को ध्यान में रखकर सभी पर प्रतिबंधात्मक कार्यवाही सुनिश्चित की गई । आज की इस पाठशाला की विशेष बात ये रही कि, बदमाशों द्वारा प्रश्नावली में दिए गए जवाब काफ़ी मार्मिक रहे एवं आपराधिक तत्वों ने सबक लेकर स्वयं अपराध की दुनियां से दूर रहकर अपने बच्चों को कभी भी इस दलदल में नही फंसने देंगे प्रण लिया।

# शिवशक्ति की आराधना का विशेष माह श्रावण मास

**शिव आत्मस्वरुप जगत पिता हैं, शक्ति कुंडलिनी स्वरूपा जगत माता**



भारतीय दर्शन की अवधारणा और ईश्वर की अवधारणा है। यहां परमात्मा दो भागों में विभक्त है जिससे हम अर्धनारीश्वर की प्रतिमा के रूप में कई जगह सांकेतिक रूप से प्रतिष्ठित भी पाते हैं। समस्त ब्रह्मांड दो शक्तियों से निर्मित है एक पुरुष और दूसरी प्रकृति। एक शिव और दूसरी शक्ति परंतु हम इन्हें माता पिता के रूप में जानते हैं। वास्तव में हमारे शरीर के भीतर कुंडलिनी शक्ति का प्रतीक है जिसे हम आदिशक्ति भी कह सकते हैं और आत्मा शिव का तत्व है जो हमारे भीतर पितृत्व का पोषण करता है इस प्रकार शक्ति स्वरूपा कुंडलिनी हमारी आदि माँ है और शिव स्वरूप आत्मा हमारे आदि पिता है। इसी आस्था के चलते हम शिव शक्ति के उपासक होगे परंतु जैसे-जैसे हमारी आध्यात्मिकता पर भौतिकता हावी होती जा रही है हम शिव और शक्ति के वास्तविक स्वरूप को कहीं पीछे छोड़ आए हैं। जिसकी पूजा करना वास्तव में उसकी जागृति करने का प्रतीक था। आज की आस्था प्रपंच मात्र रह गई है इसके भीतर की आत्मा विलुप्त होने को है कारण अत्यंत साधारण है परंतु महत्वपूर्ण भी है हमारे देश के ऋषियों ने इतना तप कर अपना संपूर्ण जीवन न्योछावर कर के हमारे लिए ज्ञान का अथाह भंडार शास्त्रों के रूप में उपहार में दिया। जीवन और प्रकृति के एकरूपता के कितने सिद्धांत नियम उदाहरण वह हमारे लिए छोड़ गए। हमारे चिंतन में इनका स्थान कहां है? हमारे नितांत भौतिक सोच और परिवेश में धन कमाने और उसके भौतिक उपयोग के अतिरिक्त और किसी भी चिंतन शिक्षा का समाज में प्रभाव दिखाई नहीं पड़ता। सब के सब भेड़ चाल में ऐश्वर्य शाली जीवन जीने की कामना रखते हुए धनार्जन में व्यस्त हैं। इस नितांत भौतिक विकास में हमने आत्मिक विकास को कहीं पीछे छोड़ दिया है। हम भूल चुके हैं कि हम सबके भीतर आत्मा है और उस आत्मा का अपना व्यक्तित्व है। वही मन, बुद्धि और भावना के रूप में निराकार होते हुए भी सशक्त और जीवंत प्राण बनकर बह रही है। कुंडलिनी रूप शक्ति को तो हमने अपनी स्मृति से ही निकाल दिया है। समाज में यदि बालक जन्मदाता माता-पिता को भूल जाए तो हम उसे कोसते हैं, परंतु आज के बड़े बुजुर्ग भी तो अपने भीतर उस आद्याशक्ति और उस आत्मा को विस्मृत कर के जीवन को संपूर्ण समझ बैठे हैं। जब वे ही नहीं जानते तो आने वाली संतति को कौन बताए कि हमारे वास्तविक आदि पिता आदि माता कौन है और उनका हमारे जीवन में क्या महत्व है। शरीर और जीवन में पंचमहाभूतों,भूमि, जल, अग्नि, आकाश, वायु का क्या महत्व है और यह किस तरह हमारा जीवन संचालित करते हैं। पेड़ पौधों अन्य प्राणियों एवं सूर्य चंद्रमा की वार्षिक चर्या का हमारे जीवन पर क्या प्रभाव पड़ता है।

जिस तरह एक बीज वृक्ष बन कर अन्य बीज को जन्म देता है उसी तरह एक मानव अन्य मानव को जन्मता चला गया और माता स्थूल शरीर का पोषण करती चली गई परंतु वास्तव में यदि विपरीत प्रक्रिया में हम पीछे लौटेंगे तो मूल में एक ही माता अर्थात शक्ति और एक ही पिता अर्थात शिव तक पहुंचेंगे वहीं आदि पिता और आदि माता है। उनके अंश जो हमारे भीतर है आत्मा और कुंडलिनी के रूप में विराजे हैं। वे जागृति की प्रतीक्षा में है। वास्तव में शिव और शक्ति का पूजन अपने भीतर बैठी आत्मा और कुंडलिनी के जागरण का काल है । भौतिकता एवं स्थूल शरीर तो आत्मा और कुंडलिनी के उपकरण मात्र है। ध्यान की सहज योग पद्धति के प्रणेता आदिशक्ति श्री माताजी निर्मला देवी द्वारा मानव जाति के उद्धार के लिए इसी कार्य को सरलता से संपादित करने की विधि अविष्कृत की गई है। इसे सीखना ही वास्तव में जीवन की पूर्णता है। इसे निशुल्क सीखने के लिए अपने नजदीकी सहजयोग ध्यान केंद्र की जानकारी टोल फ्री नंबर 1800 2700 800 से प्राप्त कर सकते हैं।

रणजीत टाइम्स



## समाजवादी पार्टी आदिवासी प्रकोष्ठ उपाध्यक्ष चंदन सिंह मकवाना जी के द्वारा लोटस गुलावत हातोद में समाजवादी पार्टी की मीटिंग का आयोजन वह गुरु पूर्णिमा के अवसर पर कन्या भोज वह भंडारे का आयोजन किया गया



**रणजीत टाइम्स**

इंदौर समाजवादी पार्टी आदिवासी प्रकोष्ठ उपाध्यक्ष चंदन सिंह मकवाना के द्वारा लोटस वैली गुलावत में समाजवादी पार्टी की मीटिंग वह गुरु पूर्णिमा के पावन अवसर पर कन्या भोज वह भंडारे का आयोजन किया गया इस अवसर पर मुख्य रूप से समाजवादी पार्टी नगर उपाध्यक्ष सुषमा यादव पर संगठन मंत्री मोहम्मद अली सिद्दीकी मनोज हडिया जिला उपाध्यक्ष बटेश्वर नाथ सिंह लक्ष्मी नामदेव युसूफ खान बद्री लाल यादव वंदना पवार महादेव यादव अशोक परमार जगदीश मकवाना लीलाधर मकवाना रामस्वरूप मंत्री राम अवतार चौधरी आदि कार्यकर्ता उपस्थित थे।

**संजय प्रेम जोशी की रिपोर्ट**




गुरु शिष्य परंपरा प्राचीन संस्कृति की धरोहर है मनुष्य के जीवन में उसकी प्रथम गुरु माँ होती है फिर पिता इसके बाद जीवन को आगे बढ़ाने के लिए हमारे शिक्षक जिन्हें प्राचीन काल में गुरुजी कहा जाता था वह तीसरे गुरु होते थे जीवन को सार्थक बनाते हैं इसलिए हमें गुरु का सहारा लेना ही पड़ता है कहां जाता है की गुरु बिना ज्ञान नहीं गुरु ही हमारा पथ प्रदर्शक होता है इसी परंपरा को निभाते हुए आज कलम के सजग प्रहरी एवं वरिष्ठ पत्रकार राजेंद्र बज का गुरु पूर्णिमा के अवसर पर साल श्रीफल से पूजन किया गया इस अवसर पर पूर्व प्रेस क्लब अध्यक्ष एवं जन परिषद अध्यक्ष संजय प्रेम जोशी पत्रकार संतोष वर्मा पंकज पाठक विनोद जाट राकेश पुण्यासी अनिल धोसरिया मनोज कारपेंटर कमल सोलंकी आदि उपस्थित थे पूजन के बाद श्री बज ने सभी पत्रकारों को अपना आशीर्वाद दिया और कहा कि आपके पास जो कलम की ताकत है उसे आप समाज के हित में लिखते रहें यहीं आज गुरु पूर्णिमा के अवसर पर मेरा आप लोगों को आशीर्वाद है।

# ओबीसी महासभा ने 27 प्रतिशक्ष आरक्षण बहाली की मांग को लेकर कलेक्टर को सौंपा ज्ञापन

### हाथों में तख्ती लेकर कलेक्ट्रेट पहुंचे ओबीसी महासभा सदस्य, CM हॉउस घेरने की चेतावनी दी

**जगदीश पाल**



शिवपुरी मेंओबीसी महासभा ने गुरुवार को मुख्यालय पर जोरदार प्रदर्शन कर अपनी तीन सूत्रीय मांगों को लेकर कलेक्टर को ज्ञापन सौंपा। प्रमुख मांगों में अन्य पिछड़ा वर्ग को 27 प्रतिशत आरक्षण की बहाली, जातिगत जनगणना और लंबित नियुक्तियों को तत्काल बहाल करने की मांग शामिल रही। प्रदर्शन से पहले कार्यकर्ता पोलो ग्राउंड में एकत्र हुए, जहां से रैली कोर्ट रोड, अस्पताल चौराहा और अग्रसेन चौराहा होते हुए कलेक्ट्रेट पहुंची। यहां महासभा अध्यक्ष इंजीनियर गिर्राज दुलारा के नेतृत्व में ज्ञापन सौंपा गया, जो प्रधानमंत्री, मुख्यमंत्री, गृहमंत्री और ओबीसी आयोग को संबोधित था।

ज्ञापन में कहा गया कि आजादी के 75 साल बाद भी ओबीसी वर्ग को उनकी जनसंख्या के अनुपात में प्रतिनिधित्व नहीं मिला है। 1931 के बाद से जातिगत जनगणना नहीं हुई, जिससे ओबीसी वर्ग की सही स्थिति सामने नहीं आ पाई। महासभा ने आरोप लगाया कि केंद्र ने जातिगत जनगणना की घोषणा तो की, लेकिन राज्य सरकार 27 प्रतिशत आरक्षण को लागू नहीं कर पा रही है, जबकि इस पर कोई न्यायिक रोक भी नहीं है। महासभा ने चेताया कि यदि 15 दिनों में मांगें पूरी नहीं हुईं, तो 28 जुलाई को भोपाल स्थित मुख्यमंत्री निवास का घेराव किया जाएगा। इस प्रदर्शन को जिला पंचायत सदस्य मनीराम लोधी और पोहरी विधायक कैलाश कुशवाह का समर्थन भी मिला। विधायक कुशवाह ने कहा, कांग्रेस सरकार ने 27 प्रतिशत आरक्षण लागू किया था, लेकिन भाजपा सरकार ने सत्ता में आकर ओबीसी वर्ग के हक को छीन लिया।

# पिछोर हाई स्कूल हरिजन बस्ती में विधिक साक्षरता एवं जागरूकता शिविर का हुआ समापन

## नई दिल्ली नालसा जागृति अभियान के अंतर्गत छात्रों को दी कानूनी संबंधी जानकारिया



**जगदीश पाल**

पिछोर (शिवपुरी) नई दिल्ली तथा मध्य प्रदेश राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण जबलपुर एवं अध्यक्ष/प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश राजेंद्र प्रसाद सोनी सचिव जिला विधिक सेवा प्राधिकरण श्रीमती रंजना चतुर्वेदी के निर्देशानुसार तथा अध्यक्ष तहसील विधिक सेवा समिति पिछोर के मार्गदर्शन में 10 जुलाई गुरुवार को नालसा जागृति अभियान के अंतर्गत विधिक साक्षरता एवं जागरूकता शिविर कार्यक्रम का आयोजन शासकीय हाई स्कूल हरिजन बस्ती पिछोर में किया गया! कार्यक्रम का संचालन विधिक कर्मचारी धर्मेंद्र राजोरिया द्वारा किया गया कार्यक्रम की मुख्य अतिथि श्रीमती प्रियंका विश्वकर्मा व्यवहार न्यायाधीश वरिष्ठ खंड पिछोर के द्वारा विधिक साक्षरता एवं जागरूकता शिविर के माध्यम से हाई स्कूल हरिजन बस्ती के छात्र-छात्राओं को नालसा जागृति अभियान मीडिएशन जागरूकता अभियान, निःशुल्क एवं सक्षम विधिक सहायता योजना, लोक अदालत साइबर क्राइम, मोटर व्हीकल अधिनियम के बारे में विस्तृत रूप से जानकारी देकर जागरूक किया गया !शिविर के समापन के पश्चात आभार प्रदर्शन विद्यालय के प्रभारी प्राचार्य आशीष वर्मा द्वारा किया गया! इस दौरान विद्यालय का समस्त स्टाफ तथा छात्र छात्राएं आदि उपस्थित थे!

# गुरु पूर्णिमा दिवस पर विधायक ने छात्रों को की निःशुल्क साइकिल वितरण

## शासकीय मॉडल उच्च माध्यमिक विद्यालय पिछोर में मनाया गया गुरु पूर्णिमा दिवस





**जगदीश पाल**

पिछोर (शिवपुरी) मध्य प्रदेश शासन द्वारा छात्रों को दी जाने वाली निःशुल्क साईकिल वितरण कार्यक्रम को लेकर आज गुरु पूर्णिमा दिवस पर क्षेत्रीय विधायक प्रीतम सिंह लोधी द्वारा शासकीय मॉडल उच्चतर माध्यमिक विद्यालय पिछोर में छात्रों को साइकिल वितरण की गई! विधायक द्वारा कार्यक्रम के दौरान गुरु पूर्णिमा दिवस पर सर्वप्रथम मां सरस्वती की प्रतिमा पर माल्यार्पण कर पूजा अर्चना की गई, तथा विद्यालय के प्रभारी प्राचार्य दिनेश लोधी द्वारा मुख्यअतिथि महोदय का माल्यार्पण का स्वागत किया गया! इसके साथ ही विधायक द्वारा उद्बोधन के दौरान छात्रों को गुरु पूर्णिमा के महत्व के बारे में जानकारी दी तथा शासन की योजनाओं की उपलब्धियां के बारे में बताते हुए कहा कि आज हमारी सरकार द्वारा सर्वाधिक नंबर लाने वाले छात्रों को निःशुल्क लेवटॉप, स्कूटी, के साथ साथ साईकिल तथा गणवेश,जैसी अन्य कई योजनायों का लाभ दे रही है! आप सभी बच्चे इसका लाभ लें एवं अच्छी मेहनत के साथ पढ़ाई करें ताकि आप भी अच्छे अंकों के साथ पास होकर ऊंचे मुकाम पर पहुंचे! इसके साथ ही विकासखंड शिक्षा अधिकारी विनोद कुमार गुप्ता द्वारा गुरु पूर्णिमा दिवस पर प्रकाश डाला गया! तथा शासन की ओर से छात्रों को मिलने बाली योजनाओं के बारे में भी बताया गया! प्रभारी प्राचार्य दिनेश लोधी द्वारा विद्यालय की व्यवस्थाओं के बारे में जानकारी दी गई !इस मौके पर विद्यालय का समस्त स्टाफ तथा छात्र-छात्राएं आदि उपस्थित थे !कार्यक्रम का संचालन सौरभ शास्त्री द्वारा किया गया!

# एक नई पहल अभियान के जरिए बड़ोदा बैंक की बामनिया शाखा कर रही स्वयं सहायता समूह को लाभान्वित

**राजेश सोनी**

झाबुआ : बैंक ऑफ़ बड़ोदा द्वारा आगामी 17 जुलाई को जिला मुख्यालय झाबुआ मे आयोजित होने वाले कृषि संवितरण दिवस को लेकर व्यापक अभियान चलाया जा रहा हैं, इस अभियान का नाम एक नई पहल दिया गया हैं जिसमे महिला बचत समूहों को लाभान्वित किया जा रहा हैं। अभियान को लेकर बैंक ऑफ़ बड़ोदा कि बामनिया शाखा मे एक बैठक का आयोजन हुआ जिसमे शाखा प्रबंधक अलाम खान, एलडीएम अल्ताफ मोहम्मद, रिजनल अधिकारी गणेश सोनी, बैंक कृषि अधिकारी महेंद्रसिंह पँवार,संदीप चौधरी, दीक्षा भटनागर, एन आर एल एम रमेश वसुनिया व सविता डॉबी एवं बैंक मित्र प्रमुख रूप से उपस्थित थे। बैठक मे प्रबंधक खान ने अभियान कि विस्तार पूर्वक जानकारी देते हुए बताया कि शाखा द्वारा अभियान के अंतर्गत 10 स्वंय सहायता समूहों को लाभान्वित किया गया हैं, जिसका लाभ 100 महिलाओ को उनकी बेहतर आजीविका के रूप मे मिलेगा साथ ही किसान भाइयो के लिए बिकेपी योजना का क्रियान्वयन भी किया जा रहा हैं, प्रबंधक ने बैंक से जुडी विभिन्न जानकारी देते हुए बैंक मित्रो को लक्ष्य अनुरूप कार्य करने के लिए निर्देशित भी किया।



# गुरु आत्मा में, व्यक्तित्व में सुसंस्कारिता का आरोपण करके उसे इसी जन्म में दूसरा जन्म प्रदान करते हैं

हाटपीपल्या- स्थानीय गायत्री तीर्थ पर गुरु पूर्णिमा पर्व बहुत ही उत्साह के साथ मनाया गया। गुरु पर्व का महत्व बताते हुए गोष्ठी में मनोहर गुरु ने कहा "भारतीय संस्कृति में ब्रह्मा, विष्णु, महेश की तरह तीन देवता धरती के माने गए हैं- माता-पिता और गुरु। तीनों की तुलना त्रिदेवों से की गई है। माता ब्रह्मा, पिता विष्णु। माता-पिता तो मात्र शरीर का ही पोषण करते हैं जबकि गुरु आत्मा में व्यक्तित्व में सुसंस्कारिता का आरोपण करके इसी जन्म में दूसरा जन्म प्रदान करते हैं। आत्मिक क्षेत्र का परिष्कार कर सकने वाले गुरु को वस्तुतः मूर्तिमान शिव कहा जा सकता है।"



गौष्ठी के पूर्व प्रातः 4:00 बजे से देव पूजन, सामूहिक गायत्री महामंत्र का जाप, नौ कुंडीय गायत्री महायज्ञ, सभी संस्कार और दीक्षा के कार्यक्रम संपन्न कराए गए। यज्ञ की पूर्णाहुति में सभी परिजनों ने आत्म परिष्कार के लिए साधना, स्वाध्याय, संयम और ज्ञान यज्ञ के प्रचार-प्रसार के संकल्प लिए। कार्यक्रम में युग निर्माण सत-संकल्प का सामूहिक पाठ हुआ। युग संगीत की प्रस्तुति रवि गुरु और जितेंद्र गुरु ने दी। इसके पश्चात महाप्रसाद का वितरण हुआ। यह जानकारी गायत्री परिवार के श्री गिरीश चंद्र गुरु ने देते हुए बताया कि गायत्री तीर्थ पर गुरु पूर्णिमा से रक्षाबंधन तक वृक्षारोपण होगा। तीर्थ पर अशोक-वाटिका, नवग्रह-वाटिका, नक्षत्र-वाटिका और औषधीय पौधे लगाए जाएंगे साथ ही तुलसी के पौधें निःशुल्क वितरित किए जा रहे है।

# पीजी कॉलेज में गुरु पूर्णिमा पर हुआ गुरु सम्मान कार्यक्रम का आयोजन

## मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव का लाइव कार्यक्रम महाविद्यालय में प्रसारित हुआ

रणजीत टाइम्स



खरगोन। गुरु पूर्णिमा के पावन अवसर पर 11 जुलाई को प्रधानमंत्री कॉलेज ऑफ एक्सीलेंस, क्रांति सूर्य टंट्या भील विश्वविद्यालय एवं विधि महाविद्यालय खरगोन के संयुक्त तत्वावधान में भारतीय ज्ञान परंपरा प्रकोष्ठ के अंतर्गत एक भव्य गुरु सम्मान समारोह का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ माँ सरस्वती की वंदना के साथ हुआ, जिसके पश्चात अतिथियों का पारंपरिक रूप से शॉल एवं श्रीफल भेंट कर अभिनंदन किया गया।

समारोह के मुख्य अतिथि डॉ. आर.एस. देवड़ा (सेवानिवृत्त प्राध्यापक, अर्थशास्त्र) ने अपने वक्तव्य में कहा कि गुरु ही वह प्रकाश हैं जो अज्ञान के अंधकार को चीरकर जीवन को दिशा देते हैं। उन्होंने कहा कि शिक्षा का उद्देश्य केवल डिग्री नहीं, चरित्र निर्माण होना चाहिए। वहीं प्रो. सीएल डूलकर (सेवानिवृत्त प्राध्यापक, वनस्पतिशास्त्र) ने कहा कि गुरु केवल विषय ज्ञान का माध्यम नहीं, अपितु जीवन के संस्कारों के संवाहक होते हैं। उन्होंने वर्तमान शिक्षा पद्धति में मानवीय मूल्यों को पुनः स्थान देने की आवश्यकता पर बल दिया। डॉ. पारसमणि गुप्ता (सेवानिवृत्त प्राध्यापक, हिंदी) ने भारतीय संस्कृति में गुरु के अद्वितीय स्थान पर प्रकाश डालते हुए कहा कि गुरु का स्थान सृष्टिकर्ता से भी ऊपर होता है। उन्होंने बताया कि साहित्य और संस्कृति के संरक्षण में गुरु की भूमिका अमूल्य होती है। कार्यक्रमकीअध्यक्षताप्राचार्यडॉ.जी.एस.चौहाननेकी उन्होंने संस्था की ओर से सभी गुरुओं को नमन करते हुए युवाओं से अपने शिक्षकों के प्रति श्रद्धा और अनुशासन बनाए रखने का आह्वान किया। उन्होंने कहा कि ज्ञान तभी सार्थक होता है जब उसमें संस्कारों की छाया हो। इस अवसर पर डॉ. रविंद्र बर्वे ने कहा कि गुरु केवल शिक्षण तक सीमित नहीं हैं, वे चरित्र निर्माण के मुख्य शिल्पकार होते हैं। उन्होंने विद्यार्थियों से आग्रह किया कि वे अपने जीवन में गुरु द्वारा दिए गए मार्गदर्शन को आत्मसात करें।

भारतीय ज्ञान परंपरा प्रकोष्ठ प्रभारी डॉ. गणेश पाटिल ने प्रकोष्ठ की भूमिका और उद्देश्यों से विद्यार्थियों को अवगत कराया। उन्होंने बताया कि यह प्रकोष्ठ भारतीय सांस्कृतिक विरासत, गुरु-शिष्य परंपरा, शास्त्रीय ज्ञान और मूल्यों के प्रचार-प्रसार के लिए निरंतर कार्य कर रहा है। कार्यक्रम में विद्यार्थियों ने भी अपनी प्रतिभा का परिचय दिया। कविता पाठ प्रतियोगिता में गौरी सोनी ने प्रथम स्थान प्राप्त किया, जबकि भाषण प्रतियोगिता में गौतम भालसे ने उत्कृष्ट प्रस्तुति देते हुए प्रथम स्थान हासिल किया।

भोपाल स्थित कमला नेहरू सांदीपनि कन्या विद्यालय से मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव की उपस्थिति में प्रारंभ हुए दो दिवसीय राज्यस्तरीय गुरु पूर्णिमा महोत्सव का सीधा प्रसारण भी महाविद्यालय में दिखाया गया। इस कार्यक्रम में मुख्यमंत्री द्वारा विद्यार्थियों को निःशुल्क साइकिल वितरण की योजना की शुरुआत की गई, जिससे लाखों छात्र-छात्राओं को लाभ मिलने वाला है। कार्यक्रम का संयोजन डॉ. गायत्री चौहान ने कुशलतापूर्वक निभाया, संचालन डॉ. रमेश चौहान द्वारा किया गया और आभार प्रदर्शन डॉ. वंदना बर्वे ने किया। समग्र रूप से यह आयोजन गुरु के प्रति श्रद्धा, भारतीय ज्ञान परंपरा के प्रति सम्मान और युवा पीढ़ी के लिए प्रेरणा का सशक्त मंच बनकर सामने आया। कार्यक्रम में महाविद्यालय का समस्त स्टाफ एवं विद्यार्थी उपस्थित रहे। कार्यक्रम का आयोजन हिंदी विभाग एवं भारतीय ज्ञान परंपरा प्रकोष्ठ द्वारा किया गया।

---

## मुख्यमंत्री डॉ. यादव की उपस्थिति में 12 जुलाई को राज्य स्तरीय निषादराज सम्मेलन

### निषादराज समाज के गौरव और संस्कृति को मिलेगा मंचः राज्य मंत्री (स्वतंत्र प्रभार) श्री पंवार मुख्यमंत्री डॉ. यादव करेंगे भूमिपूजन और लोकार्पण

रणजीत टाइम्स

उज्जैन। मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव की उपस्थिति में 12 जुलाई को उज्जैन में राज्य स्तरीय निषादराज सम्मेलन का आयोजन होगा। मुख्यमंत्री डॉ. यादव कार्यक्रम में 22.65 करोड़ रूपये की लागत के 453 स्मार्ट फिश पार्लर, 40 करोड़ रूपये की लागत से बन रहे अत्याधुनिक अंडर वॉटर टनल सहित एक्वापार्क और 91.80 करोड़ रूपये की लागत से इंदिरा सागर जलाशय में 3060 केजेस के माध्यम से मत्स्य उत्पादन से वृद्धि एवं रोजगार सृजन का वर्चुअली भूमि-पूजन करेंगे। इस कार्यक्रम में मुख्यमंत्री डॉ. यादव 430 मोटर साइकिल विद आइस बॉक्स के स्वीकृति पत्र एवं 100 यूनिट्स का वितरण, 396 केज के स्वीकृति पत्र का प्रदाय, फीडमील के हितग्राहियों को स्वीकृति पत्र का प्रदाय एवं उत्कृष्ट कार्य कर रहे मछुआरों एवं मत्स्य सहकारी समितियों को पुरस्कार वितरण करेंगे। मुख्यमंत्री डॉ. यादव मत्स्य महासंघ के मछुआरों को 9.63 करोड़ रूपये के डेफर्ड वेजेस का सिंगल क्लिक से अंतरण करने के साथ ही रॉयल्टी चेक प्रदाय करेंगे।

---

# आवागमन-4 दशक से सड़क निर्माण को लेकर ग्रामीण कर रहे थे संघर्ष

### 13 करोड़ की लागत से एक साल में तैयार होगी काबरी से झामटा तक की सड़क

रणजीत टाइम्स





भगवानपुरा। ब्लाक के ग्राम काबरी से झामटा तक की 10 किमी सड़क अब बन रही है। यह सड़क चार दशक से अधूरी थी। हालत इतनी खराब थी कि बैलगाड़ी से चलना भी मुश्किल होता था। घाट होने के कारण शाम 6 बजे के बाद लूटपाट की आशंका बनी रहती थी। वहीं झामटा से धवली तक की 15 किमी सड़क पक्की है, जो महाराष्ट्र को जोड़ती है। ग्रामीणों ने इस सड़क के लिए 40 साल तक संघर्ष किया। कभी हस्ताक्षर अभियान चलाया, कभी ज्ञापन सौंपा। जनप्रतिनिधियों को काले झंडे भी दिखाए। ग्राम पंचायत काबरी की महिला सरपंच सिरका बाई ने 21 दिन तक हस्ताक्षर अभियान चलाया। ग्रामीणों की नाराजगी इस बात को लेकर थी कि प्रधानमंत्री ग्रामीण सड़क योजना के तहत हर गांव को मुख्य मार्ग से जोड़ा जा रहा है, तो फिर उनकी सड़क क्यों छूटी रही। अब ग्रामीणों की मेहनत रंग लाई। करीब 13 करोड़ रुपए की लागत से यह सड़क बन रही है। निर्माण कार्य महेश कंस्ट्रक्शन कंपनी कर रही है। निगरानी पीडब्ल्यूडी विभाग कर रहा है। घाट कटिंग व चौड़ीकरण का काम शुरू हो गया है। अनुमान है कि एक साल में सड़क पूरी बन जाएगी। सड़क बनाने से पहले घाट की कटिंग की जा रही है। वनक्षेत्र में होने से हो रही थी परेशानी यह रास्ता वन परिक्षेत्र में आता है। इसके कारण अनुमति नहीं मिल पा रही थी। सांसद गजेंद्र पटेल, विधायक केदार डाबर व सामाजिक संगठनों की सक्रियता के चलते केंद्रीय स्तर से एनओसी मिली। इसके बाद निर्माण कार्य में तेजी आई है। समाजसेवी रेमसिंह किराडे ने बताया सड़क न होने से किसानों को खेत तक पहुंचने, फसल लाने-ले जाने और बारिश में आवाजाही में दिक्कत होती थी। अब यह सड़क केवल सीमेंट कांक्रीट की पट्टी नहीं बल्कि गांव की नई जीवनरेखा बनकर उभरेगी। विद्यार्थियों व मरीजों की राह भी आसान सड़क निर्माण से छात्र-छात्राओं को स्कूल जाना आसान होगा। मरीजों को अस्पताल पहुंचाने में राहत मिलेगी। ग्रामीण उत्पाद बाजार तक पहुंच सकेंगे। वनांचल के गांव विकास की मुख्यधारा से जुड़ेंगे। इसके साथ ही स्थानीय युवाओं को निर्माण कार्य में रोजगार भी मिल रहा है। तय समय में पूरा होगा काम घाट कटिंग व चौड़ीकरण के साथ निर्माण कार्य सुचारू रूप से चल रहा है। तय समय में काम पूरा होगा। - आकाश दुबे, कार्यपालन यंत्री पीडब्ल्यूडी

# थाना महाकाल पुलिस द्वारा स्वापक औषधि एवं मनः प्रभावी पदार्थ अवैध व्यापार निवारण अधिनियम 1988 के अंतर्गत आदतन अपराधी मोहम्मद नासीर उर्फ शेरु को किया गया गिरफ्तार

## आरोपी को केंद्रीय जेल इंदौर में किया गया निरुद्ध

रणजीत टाइम्स

उज्जैन। जिला मजिस्ट्रेट उज्जैन द्वारा प्रस्तुत प्रतिवेदन क्रमांक कले०रीडर-1/एनडीपीएस एक्ट/2025/565, दिनांक 09.07.2025 के आधार पर यह तथ्य प्रकाश में आया कि अनावेदक मोहम्मद नासीर उर्फ शेरु पिता अब्दुल, उम्र-47 वर्ष, निवासी- शिकारी गली, उज्जैन, वर्ष 2021 से अवैध मादक पदार्थ गांजा एवं स्मैक पाउडर के संग्रहण, परिवहन, विनिर्माण एवं तस्करी जैसे गंभीर अपराधों में निरंतर लिप्त है। अनावेदक का आपराधिक नेटवर्क उज्जैन क्षेत्र में विस्तृत है एवं वह अपने सहयोगियों के साथ पूरे शहर में सक्रिय होकर भय एवं आतंक का वातावरण निर्मित कर रहा है, जिससे आमजन पुलिस को अवैध गतिविधियों की सूचना देने से डरते हैं।




पुलिस अधीक्षक उज्जैन द्वारा प्रस्तुत प्रतिवेदन के अनुसार, अनावेदक मोहम्मद नासीर उर्फ शेरु के विरुद्ध थाना महाकाल एवं चिमनगंज उज्जैन में वर्ष 2021 से 2024 के मध्य एनडीपीएस एक्ट की धारा 8/20, 8/21 तथा आबकारी अधिनियम की धारा 49A के अंतर्गत कुल 03 आपराधिक प्रकरण पंजीबद्ध होकर न्यायालय में विचाराधीन हैं। प्रकरण का परीक्षण कर जिला मजिस्ट्रेट उज्जैन द्वारा अनावेदक को "स्वापक औषधि एवं मनः प्रभावी पदार्थ अवैध व्यापार निवारण अधिनियम 1988 (धारा 3 एवं 4(2))" के तहत निरुद्ध किए जाने की कार्रवाई की गई।

इस आधार पर थाना महाकाल पुलिस उज्जैन द्वारा तत्काल प्रभाव से कार्यवाही करते हुए आरोपी मोहम्मद नासीर उर्फ शेरु को गिरफ्तार किया गया। माननीय न्यायालय द्वारा पारित आदेश के अनुपालन में आरोपी को केंद्रीय जेल इंदौर में दाखिल किया गया है। उज्जैन पुलिस मादक पदार्थों के विरुद्ध "जीरो टॉलरेंस" की नीति पर कार्य कर रही है।

# शासकीय महाविद्यालय मक्सी में गुरु पूर्णिमा पर्व पर कार्यक्रम संपन्न

रणजीत टाइम्स



मक्सी। श्री कुशाभाऊ ठाकरे शासकीय महाविद्यालय मक्सी में गुरु पूर्णिमा पर्व मनाया गया। सर्वप्रथम गुरु पूर्णिमा पर मुख्यमंत्री श्री मोहन यादव के आथित्य में आयोजित राज्य स्तरीय कार्यक्रम का भोपाल से सीधा प्रसारण विद्यार्थियों सहित स्टाफ द्वारा देखा गया। कार्यक्रम का आरंभ अतिथियों द्वारा मां सरस्वती के चित्र पर माल्यार्पण एवं दीप प्रज्वलन कर किया गया ।कार्यक्रम के मुख्य अतिथि श्री रमेश चंद्र इंद्रिया हाई कोर्ट एडवोकेट , श्री अखिलेश जी मंडलोई शिक्षाविद् एवं संचालक फेम गुरुकुल एवं श्री रमेश चंद्र इंद्रिया महामंत्री आर्य समाज झोकर थे। सभी अतिथियों का पुष्पहार से स्वागत के पश्चात विद्यार्थियों द्वारा महाविद्यालय स्टाफ का स्वागत भी किया गया। प्राचार्य डॉक्टर सुनील वागले द्वारा अध्यक्षीय उद्बोधन देते हुए गुरु शिष्य परंपरा के महत्व पर अपने विचार व्यक्त किए गए।उसके पश्चात शिक्षक श्री अखिलेश जी मंडलोई का कंकू, तिलक एवं शाल श्रीफल से सम्मान किया गया। गुरु शिष्य परंपरा पर आधारित भाषण, गीत एवं कविता प्रतियोगिता का आयोजन भी किया गया। जिस पर विद्यार्थियों ने अपने विचार व्यक्त किए। जिसमें रागिनी शीतल और मोना विजेता रहे। श्री रमेशचंद्र इंद्रिया द्वारा दयानंद सरस्वती द्वारा रचित ज्ञान धर्म ज्योति ग्रंथ महाविद्यालय को भेंट किया गया। कार्यक्रम का संचालन प्रो लाखन सिंह कुशवाह द्वारा एवं आभार डॉक्टर विनीता परमार द्वारा माना गया। इस अवसर पर प्रो मीनू गजाला खान ,डॉ सौदान सिंह मकवाना, हेमंत डबरिया, राहुल कुमरावत आधी रहे।

# झाबुआ अनुभाग की के कार्यो की समीक्षा की विधायक भूरिया ने शिक्षा,पेयजल,स्वास्थ्य, विद्युत विभाग,खाद्य पर व्यापक चर्चा मुख्यमंत्री कन्यादान योजना की राशि अभी तक अप्राप्त

रणजीत टाइम्स

झाबुआ। विधायक विक्रांत भूरिया ने अपने विधानसभा क्षेत्र झाबुआ अनुभाग की विस्तृत समिक्षा की तथा शिक्षा,पेयजल,स्वास्थ्य विभाग,खाद्य विभाग पर अधिकारीयों से चर्चा की गई ।सरकारी योजना की जमीनी स्थिति का व्यापक समीक्षा की गई विधायक भूरिया द्वारा जनता की समस्याओं पर सबंधित विभ्ळााग को त्वरित निराकरण के निर्देश दिए तथा विकास कार्योगति लाने पर बल दिया। गत दिवस झाबुआ अनुभाग की बैठक आयोजन किया गया जिसमें अनुभाग में वर्तमान में चल रही योजनाओं की समीक्षा की गई । सर्वप्रथम बैठक में नवागत मुख्य कार्यपालन अधिकारी श्री बी.एस.मवासे एवं अनुविभागीय अधिकारी भास्कर काचले द्वारा विधायक डॉ विक्रांत भूरिया का पुष्प गुच्छ से स्वागत किया तदपश्चात बैठक में सर्व प्रथम लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग की समीक्षा की गई तथा वर्तमान में चल रही नल जल योजनाओं पर चर्चा की गई विधायक भूरिया द्वारा विभाग को निर्देश दिये गये कि सभी ग्रामीण क्षेत्र मे चल रही योजनाओं की पूर्ण अपूर्ण स्थिति के सबंध में ग्राम पंचायत द्वारा प्रमाण पत्र दिया जावे कि योजना का लाभ गांव के हर फलिये में मिल रहा है अथवा नहीं साथ ही ग्रामीण क्षेत्रों में जहां नल जल योजना नहीं पहुंच रही है वहां तत्काल हेण्डपंप खनन करने के निर्देश दिये तथा सरपंच एवं जनपद प्रतिनिधि की सहमति से हेण्डपंप खनन किये जावे। खाद्य विभाग अन्तर्गत ग्रामीण क्षेत्रों में समस्त उचित मूल्य की दुकानों पर तीन माह का राशन प्रदाय करने सबंधी जानकारी प्राप्त



की गई तथा हितग्राहीयों का शत प्रतिशत केव्हासी कराने की बात कही। जनजातिय कार्यविभाग की समीक्षा के दौरान समस्त शालाओं में अध्यापन सुविधा सुनिश्ति करने के निर्देश दिये गये तथा छात्रवास में जिले के बच्चों को प्रवेश प्राथमिकता की बात कही गई साथ ही निशक्त एवं अनाथ बच्चों को प्राथमिता से छात्रावास में प्रवेश दिये जाने सुनिश्चित करे। कन्या छात्रावासों की सुरक्षा व्यवस्था पर भी ध्यान दिया जावे। महिला बाल विकास अन्तर्गत जीणशीर्ण आंगनवाडी की सूची प्रस्तुत करने के बारे में बताया तथा जहां जीर्णशीर्ण तथा गिरने जैसी हालत हो वहां बच्चों को नहीं बैठाया जावे साथ ही बच्चों के भोजन में मिनू अनुसार प्रदान किये जाने के भी निर्देश दिये गयें।विघुतवितरण कम्पनी के अधिकारी को जहां जहां विघुत ट्रास्फार्मर बन्द है अथवा जल गये उन्हे तत्काल दुरस्त करने एवं विघुत कटोत्री के सबंध में भी चर्चा की एवं आवश्यक सुधार के निर्देश विधायक भूिया द्वारा दिये गये। मुख्य मंत्री कन्यादान योजना के लाभर्थी जोडों को तीन माह बाद भी रानापुर जनपद सहित अन्य जनपद पंचायतों में भी राशि नहीं मिलने की बात सामने आई तत्काल विभाग को वरिष्ठ कार्यालय से सम्पर्क कर राशि प्रदाय करने की बात कही गई वर्तमान में लगभग 1000 जोडों को राशि नहीं मिली है। ग्रामीण विकास विभाग की समीक्षा के दौरान जनपद प्रतिनिधियों द्वारा राशि वितरण में भेदभाव की बात कही गई अनेक जनपद सदस्यों ने नाराजगी व्यक्त की तथा उनके क्षेत्र में विगत तीन साल से निर्माण कार्य की राशि नहीं प्रदान करने का आरोप भी लगाया तथा कुछ पंचायतों में हर योजना में राशि प्रदाय करने की बात सामने आई । ग्राम पंचायत बरोड के सबंध में जनपद प्रतिनिधि ने अवगत कराया कि गत दो वर्षो से रोजगार सहायक अनुपस्थित है बार बार आवेदन एवं सूचना देने के पश्चात भी प्रशासन द्वारा कोई कार्यवाही नहीं की गई उल्टा उसे वेतन बराबर दिया जा रहा है। इस सबंध में तत्काल कार्यवाही करने के निर्देश विधायक भूरिया द्वारा दिये गये।

विधायक भूरिया ने अधिकारी एवं जनपद पंचायत सदस्यों एवं सरपंचों की उपस्थिति में मुख्य कार्यपालन अधिकारी को बिना किसी भेदभाव के समस्त योजनाओं का लाभ सभी ग्राम पंचायतों में जनपद प्रतिनिधियों की अनुशंसा पर कार्य करने के निर्देश दिये गये। बैठक में झाबुआ रानापुर के तहसीलदार ,बीईओएवं समस्त विभाग के अधिकारी एवं कर्मचारीगण उपस्थित सहित जनपद उपाध्यक्ष प्रतिनिधि आशिष भूरिया , जनपद सदस्य पिटर वाखला, माने डामोर , कैलाश बारिया, पारू डामोर , पेमाभाई राहुल बडखिया रज्जू रमेश बारीया संरपचगण ख गुण्डिया कालाखुट, नरवालिया,मोहनपुरा,गोलाछोटी सहित अनेक सरपंचगण उपस्थित थे।

# यातायात पुलिस ने शहर में स्कूल बसों की जांच कर अनियमित दो बसें की जप्त

## चालकों को दिए गए आवश्यक दिशा-निर्देश

रणजीत टाइम्स



शाजापुर I पुलिस अधीक्षक श्री यशपाल सिंह राजपूत के मार्गदर्शन एवं अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक श्री घनश्याम मालवीय के निर्देशन में यातायात पुलिस शाजापुर द्वारा शाजापुर शहर में संचालित स्कूली वाहनों के विरुद्ध निरंतर वाहन चेकिंग अभियान चलाया जा रहा हैं। यातायात शाजापुर थाना प्रभारी श्री सौरभ शुक्ला ने आज शाजापुर शहर में संचालित हो रही स्कूली बसों एवं वाहनों के कागजात को चेक किया। उन्होंने बसों के चालकों परिचालकों को पुलिस चरित्र सत्यापन के निर्देश दिये। चेकिंग के दौरान यातायात पुलिस द्वारा विभिन्न चेकिंग पार्टी बनायी गयी, जो शहर के अलग-अलग स्कूलों में जाकर स्कूली बस एवं वाहनों को रोक कर चालक-परिचालक से उनके दस्तावेजो की जाँच की गयी। इस दौरान शहर के केन्द्रीय विद्यालय, इटरनल स्कूल, एम.जी. कान्वेंट, कौटिल्य स्कूल, सरस्वती स्कूल लालघाटी, भवन पब्लिक स्कूल, सहज पब्लिक स्कूल, सीएम राइज स्कूल के स्कूली वाहनों की जाँच की गयी। यातायात पुलिस द्वारा कुल 50 स्कूली वाहनों की जांच की गयी। इस दौरान कुछ वाहनों में आवश्यक सुरक्षा मानकों की कमी पाई गई, जिस पर दो स्कूली बसों को जप्त किया गया व नियमानुसार वैधानिक कार्रवाई की गयी।

चालकों एवं स्कूल प्रबंधन को दिए दिशा-निर्देश

यातायात पुलिस शाजापुर द्वारा सभी वाहन चालकों को निर्देश जारी करते हुए कहा गया है कि वाहन चालक निर्धारित गति सीमा में ही वाहन चलाएं, बच्चों को सुरक्षित तरीके से केवल निर्धारित स्टॉप पर ही उतारें-चढ़ाएं, वाहन का रंग पीला हो और वाहन पर "स्कूल बस" लिखा हो, फर्स्ट एड बॉक्स, अग्निशमन यंत्र, जालीदार खिड़कियाँ, सीटों के नीचे बैग के लिए जगह रखें। वाहनों के लिए प्रशिक्षित चालक व परिचालक अनिवार्य हैं, वाहन में जीपीएस, सीसीटीवी, पैनिट बटन एवं महिला सहायिका की व्यवस्था करना होगा। वाहन मालिक पाँच वर्ष पुराने वैध लाइसेंसधारी एवं गंभीर चालान वाले वाहन चालकों को वाहन नहीं दें। इस अवसर पर शाजापुर यातायात पुलिस द्वारा की गई कार्यवाही में यातायात थाना प्रभारी श्री सौरभ शुक्ला के साथ थाना यातायात पदस्थ सूबेदार श्री रविशंकर वर्मा, सूबेदार सौरभ चौहान, सहायक उपनिरीक्षक श्याम चौधरी, माखनलाल दायमा, प्रधान आरक्षक अमित जाट एवं आरक्षक सुजीत विश्वकर्मा, आरक्षक रामनिवास सौंधिया उपस्थित थे।

# श्री बद्रीविशाल मंदिर में गुरू पूर्णिमा पर्व धूमधाम से मनाया गया

रणजीत टाइम्स





नागदा जं. I श्री बद्रीविशाल मंदिर में गुरूवार को गुरूपूर्णिमा का पर्व धूमधाम से मनाया गया। इस अवसर पर सुबह से ही मंदिर में धार्मिक कार्यक्रम आयोजित किये गये। सुबह 10.30 बजे सेठिया परिवार द्वारा देवगुरू बृहस्पति देव की पुजा-अर्चना व अभिषेक किया गया। 11.15 पर महाआरती कर प्रसादी का वितरण किया गया। इस अवसर पर मंदिर में भगवान का विशेष श्रृंगार किया गया। इस मौके पर श्री बद्रीविशाल मंदिर समिति के उपाध्यक्ष कैलाश सेठिया, समाजसेवी नन्दकिशोर पोरवाल, रमेशचन्द्र फरक्या, द्वारकाधीश सेठिया, सुरेन्द्र पोरवाल, नागुलाल पोरवाल, भेरूलाल सेठिया, कमल पोरवाल, संजय पोरवाल, अशोक सेठिया, जयंतीलाल पोरवाल, दिलीप मेहता, प्रेम पोरवाल, अजय पोरवाल, पियुष सेठिया, सुरेश पोरवाल, ओमप्रकाश सेठिया, अंकित सेठिया, सुमीत सेठिया, हेमन्त सेठिया, राकेश अभिनव सहित पोरवाल समाजजन भक्त गण एवं बड़ी संख्या में महिलाएँ उपस्थित थी। यह जानकारी योगेन्द्र पोरवाल ने दी है।

# गायत्री शक्तिपीठ नागदा पर हर्षोल्लास के साथ गुरू पूर्णिमा पर्व मनाया गया

रणजीत टाइम्स



नागदा जं. I सिविल हास्पीटल के पीछे स्थित गायत्री शक्तिपीठ नागदा पर आषाढ मास की गुप्त नवरात्रि पर्व से लेकर गुरूपूर्णिमा पर्व तक निरन्तर गायत्री महामंत्र का जप अनुष्ठान विगत दिनों से लगातार चलाया जा रहा था। जिसमें गायत्री परिवार के समर्पित नौष्ठिक समयदानी कार्यकर्ताओं की बदौलत अनवरत रूप से विश्वकल्याणार्थ अनुष्ठान किया गया जिसकी पूर्णाहूति आज गुरूवार को गुरू पुजन व्यास पूर्णिमा पर्व पर पंचकुण्डीय गायत्री महायज्ञ के साथ सम्पन्न हुई। यज्ञ संचालन के दौरान परिव्राजक भगवानदास ने बताया कि सनातन संस्कृति में गुरू तत्व का गुरू का बड़ा महत्व बताया गया है। बिना गुरू के आध्यात्म पथ का उत्थान नहीं हो सकता।

इस अवसर पर अनेक लोगो ने गुरू पूजन किया और मंत्र दीक्षा लेकर साधना के पथ पर आत्मोत्थान की दिशा बढ़ने का संकल्प लिया। गुरू पूर्णिमा पर्व एवं पंचकुण्डीय गायत्री महायज्ञ अनुष्ठान की पूर्णाहूति में ग्रामीण क्षेत्र एवं नागदा की कॉलोनी के समस्त भाई-बहनो ने भागीदारी की जिसमें ग्राम उमरनी, भड़ला, अमलावदिया, पारदी, झांझाखेड़ी, भाटीसुड़ा, खाचरौद, नलकुई, चापानेर, गिंदवानिया, पिपलोदा पंथ, रतनियाखेड़ी, पिपलोदा बागला, सिमरोल, सरवना, कलसी, उन्हेल, इन्दौर, देवास, रतलाम से कई भाई-बहन शामिल हुए। गायत्री शक्तिपीठ नागदा द्वारा सभीका हृदय से आभार व्यक्त किया गया।

# भाजपा पिछडा वर्ग मोर्चा अध्यक्ष लखन गुर्जर ने दुर्घटना में घायल व्यक्ति को लेकर उन्हेंल शासकीय हास्पीटल पहुंचे एवं डॉक्टर से उपचार करवाया

रणजीत टाइम्स



नागदा जं. I भाजपा पिछडा मोर्चा मंडल अध्यक्ष लखन गुर्जर ने उज्जैन से आते वक्त रास्ते में सड़क दुर्घटना में घायल हुए व्यक्ति को ईलाज हेतु शासकीय हास्पीटल उन्हेल पहुंचाया। गुर्जर ने बताया कि जब मैं उज्जैन से नागदा की ओर आ रहा था तो पगारा गांव के समीप मैंने देखा कि एक व्यक्ति खुन से लथपथ सड़क पर गिरा हुआ है। ऐसा लगता था कि किसी अज्ञात वाहन के द्वारा टक्कर मारने के बाद घायल हुआ था। तब मैं स्वयं तुरंत उस घायल व्यक्ति को उन्हेंल के शासकीय हास्पीटल में उपचार हेतु लेकर पहुंचा। साथ ही पुलिस को घटना की जानकारी दी। गुर्जर ने बताया कि जानकारी लेने पर घायल का नाम दिनेश है जो कि ग्राम दंगवाडा का रहने वाला है। घायल की सहायता करने में कमल गुर्जर एवं जीवन किर का भी सहयोग रहा।

# महर्षि सांदीपनि के द्वारा दी गई विद्या ग्रहण कर भगवान श्री कृष्ण को जगद्गुरु की उपाधि मिली-मुख्यमंत्री डॉ यादव

## मुख्यमंत्री डॉ मोहन यादव ने गुरु पूर्णिमा के अवसर पर महर्षि सांदीपनि आश्रम पहुंचकर पूजन अर्चन किया

रणजीत टाइम्स

उज्जैन । मुख्यमंत्री डॉ मोहन यादव ने शुक्रवार को गुरु पूर्णिमा के अवसर पर महर्षि सांदीपनि आश्रम पहुंचकर भगवान श्री कृष्ण के गुरु महर्षि सांदीपनि के दर्शन कर पूजन अर्चन और आरती की। पूजा अर्चना पंडित राजेश जोशी ने संपन्न करवायी। मुख्यमंत्री ने इस अवसर पर अति प्राचीन श्री कुंडेश्वर महादेव मंदिर पहुंचकर भगवान के दर्शन भी किए। मुख्यमंत्री डॉ यादव ने इस अवसर पर कहा कि वे पिछले कई वर्षों से लगातार गुरु पूर्णिमा के अवसर पर सांदीपनि आश्रम में आकर दर्शन और पूजा अर्चना करते हैं । महर्षि सांदीपनि आश्रम का अतीत अत्यंत गौरवशाली और अद्वितीय रहा है। आज से लगभग 5000 वर्ष पहले भगवान श्री कृष्ण, श्री सुदामा और श्री बलराम ने यहां आकर महर्षि सांदीपनि से विद्या ग्रहण की थी। भगवान श्री कृष्ण ने यहां उनके गुरु महर्षि सांदीपनि व्यास से बहुत कम दिनों में 14 विद्या और 64 कलाओं का अध्ययन किया था। एक विद्यार्थी



का सर्वांगीण विकास कैसे हो सकता है, इसका इतिहास इसी सांदीपनि आश्रम में रचा गया था। महर्षि सांदीपनि के द्वारा प्रदान की गई विद्या से ही भगवान श्री कृष्ण को विश्व गुरु की उपाधि मिली। वर्तमान में भारत फिर अपने गौरवशाली अतीत को प्राप्त कर रहा है। मुख्यमंत्री डॉ यादव ने अपनी ओर से सभी को गुरु पूर्णिमा पर्व की हार्दिक शुभकामनाएं दी। महर्षि सांदीपनि व्यास के वंशज और मंदिर के पुजारी परिवार के सदस्यों ने जानकारी दी कि प्रतिवर्ष गुरु पूर्णिमा के अवसर पर आश्रम में विशेष आयोजन किया जाता है। सांदीपनि आश्रम में प्रातः विशेष पूजन अर्चन और पंचामृत अभिषेक किया गया, साथ ही प्रथम बार शिक्षा प्रारंभ करने वाले विद्यार्थियों के द्वारा यहां पर स्लेट की पूजा की गई। इस अवसर पर विधायक श्री अनिल जैन कालूहेड़ा, श्री संजय अग्रवाल, श्री राजपाल सिंह सिसोदिया एवं अन्य अधिकारीगण तथा नागरिक मौजूद थे।

# पुलिस प्रशिक्षण महाविद्यालय इंदौर में गुरू पूर्णिमा उत्सव मनाया गया



रणजीत टाइम्स

इंदौर । अतिरिक्त पुलिस महानिदेशक (प्रशिक्षण) राजाबाबू सिंह , पुलिस मुख्यालय भोपाल के मार्गदर्शन में तथा पुलिस अधीक्षक राजेन्द्र कुमार वर्मा ने बताया कि पुलिस प्रशिक्षण महाविद्यालय, इंदौर में 77वें एवं 78वें प्रशिक्षण सत्र में महिला व पुरुष नव आरक्षकों द्वारा गुरुवार को गुरू पूर्णिमा उत्सव मनाया गया । गुरु पूर्णिमा एक विशेष दिन है जो जीवन की यात्रा में हमारा मार्गदर्शन करने वाले शिक्षकों और मार्गदर्शकों को सम्मान देने के लिए समर्पित होता है। इस अवसर पर पुलिस प्रशिक्षण महाविद्यालय के 77 वें एवं 78 वें बेच के प्रशिक्षणार्थियों द्वारा आंतरिक प्रशिक्षण एवं बाह्य प्रशिक्षण के प्रशिक्षकों के सम्मान में कवितायें, गीत एवं भाषण प्रस्तुत किये गये। उप पुलिस अधीक्षक शैलजा पटवा, अनिल कुमार वर्मा, राम मूर्ति शाक्य द्वारा समस्त प्रशिणार्थियों को संबोधित कर गुरू पूर्णिमा उत्सव की शुभकामनायें दी गई।

दैनिक रणजीत टाइम्स
जिला एवं तहसील स्तर पर
एजेंसी देना है
अपना बायोडाटा सम्पूर्ण विवरण के साथ हमें प्रेषित करें।
सम्पर्क करें
8224951278 :: 9827068888

जन्मदिन की अग्रिम शुभ सूचना
"रंजीत टाइम्स" में अब आप अपने या अपने प्रियजनों का जन्मदिन एक दिन पहले ही निशुल्क प्रकाशित करवा सकते हैं!
बस हमें भेजिए: 1 जन्मदिन मनाने वाले की फोटो
2 उसका पूरा नाम- 3 बधाई देने वाले का नाम जन्मदिन के एक दिन पहले ही विज्ञापन भेज दें, ताकि समय रहते प्रकाशित किया जा सके।
भेजने का नंबर (Aditya): 8224951278
रंजीत टाइम्स में आपका विज्ञापन पूरी तरह मुफ्त प्रकाशित किया जाएगा!
अपने जज़बातों को शब्द दें – सिर्फ रंजीत टाइम्स के साथ।
टीम रंजीत टाइम्स- "आपका अपना अख़बार, आपकी आवाज़"
रणजीत टाइम्स